भारत का प्रथम बीएस-VI प्रमाण पत्र जारी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (International Centre for Automotive Technology- ICAT) ने नई दिल्ली में दोपहिया वाहनों हेतु **भारत स्टेज-VI** (Bharat Stage - VI/BS – VI) मानकों का पहला **टाइप अप्रूवल सर्टिफिकेट** (Type Approval Certificate) जारी किया।

प्रमुख बिंदु

- BS-VI मानकों के लिये दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में यह भारत का प्रथम प्रमाण पत्र है।
- BS-VI मानक, नवीनतम उत्सर्जन मानकों के रूप में हाल ही में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किये गए हैं।
- ICAT ने ऑटोमोटिव उद्योग के विकास, अनुकूलन और इन भावी उत्सर्जन मानकों का अनुपालन करने के लिये इंजनों तथा वाहनों की जाँच में सहायता और सहयोग देने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं।
- पिछले वर्ष ICAT ने भारी वाहन के क्षेत्र में एम/एस वॉल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स (M/s Volvo Eicher Commercial Vehicles) के लिये बीएस-VI मानकों की स्वीकृति दी थी। जो कि भारत में इस क्षेत्र में पहली बार था।
- वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के कारण वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरों पर नियंत्रण पाने के लिये भारत सरकार ने मौजूदा बीएस-IV मानकों से सीधे बीएस VI मानकों को अपनाने का फैसला किया है।
- इस प्रकार 1 अप्रैल, 2020 से बीएस-V मानकों को छोड़कर सीधे बीएस VI मानक लागू करने का फैसला किया गया है।
- 1 अप्रैल, 2020 से भारत में केवल उन्हीं वाहनों को बेचा और पंजीकृत किया जाएगा, जो इन मानकों का अनुपालन करेंगे। ये मानक कड़े हैं और अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हैं।

भारत स्टेज मानक/मानदंड

(Bharat Stage Norms)

- **भारत स्टेज** मानक ऑटोमोटिव उत्सर्जन मानक हैं।
- भारत में अपने वाहन बेचने के लिये ऑटोमोटिव विनिर्माताओं को इनका अनुपालन करना पड़ता है। ये मानक सभी दोपहिया, तिपहिया और चार पहिये वाले वाहनों तथा निर्माण उपकरण वाहनों पर लागू होते हैं।

इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी

(International Centre for Automotive Technology- ICAT)

- ICAT सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) द्वारा प्राधिकृत प्रमुख परीक्षण एवं प्रमाणन एजेंसी है, जो भारत और विदेश में वाहनों एवं उनके कल-पुर्जों के विनिर्माताओं को परीक्षण एवं प्रमाणन की सुविधा उपलब्ध कराती है।
- इसमें उत्सर्जन के क्षेत्र में नवीनतम मानदंडों के लिये इंजन और वाहनों को विकसित करने, सत्यापन, परीक्षण एवं प्रमाणित करने तथा क्रैश लैब (Crash Lab-यूनाइटेड किंगडम की एक स्वतंत्र वीडियो गेम डेवलपर कंपनी), एनवीएच लैब (Noise, Vibration, and Harshness Lab), ईएमसी लैब (Electromagnetic Compatibility Lab) और परीक्षण पटरियों जैसी कई अन्य सुविधाओं के लिये नवीनतम उपकरण, सुविधाएँ एवं क्षमताएँ मौजूद है।

और पढ़ें

अप्रैल 2019 से NCR में BS-VI ईंधन की उपलब्धता

वर्ष 2020 से बीएस-6 मानदंडों का कार्यान्वयन

विशेष/इन-डेप्थ: BS-6 (यूरो-6)...देश का नया ईंधन

स्रोत- PIB

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/icat-releases-india-s-1st-bs-vi-certificate-in-two-wheeler-segment